# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
## स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
## मध्य प्रदेश भाासन

## कम्युनिटी हैल्थ ऑफिसर की भर्ती

क्रमांक / एन.एच.एम. / HR / 2023 / 16696 भोपाल दिनांक– 06/10/2023

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश द्वारा संविदा कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के रिक्त पदों के विरूद्ध संबंधित वर्गों के उम्मीदवारों से 6 माह के सर्टिफिकेट इन कम्युनिटी हेल्थ (CCH) प्रशिक्षण कार्यक्रम में चयन हेतु और संविदा कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर पद पर सीधी भर्ती के लिये मध्यप्रदेश राज्य के मूल निवासी अभ्यर्थियों से आवेदन आंमत्रित किये जाते है। चयनित उम्मीदवारो को उक्त प्रशिक्षण सफलता पूर्वक पूर्ण करने या सीधी भर्ती प्रवेश परीक्षा में चयन के पश्चात् ग्रामीण क्षेत्रो में स्थित उपस्वास्थ्य केन्द्र स्तरीय संस्थाओं पर कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के पद पर संविदा नियुक्ति दी जायेगी।

- **उपलब्ध स्थान :–**
  1. **सर्टिफिकेट इन कम्युनिटी हेल्थ प्रशिक्षण – 480 पद** (माह जनवरी से जून 2024 सत्र के लिये)
  2. **संविदा कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर पद पर सीधी भर्ती – 500 पद**

- चयन प्रक्रिया हेतु सामान्य दिशा–निर्देश, श्रेणी और प्रशिक्षण बैच वार स्थान, लिखित परीक्षा तिथि और ऑनलाइन एडमिट कार्ड/हॉल टिकट की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया **www.nhmmp.gov.in** या **http:// www.mponline.gov.in** पर जाएं।

- **ऑनलाइन आवेदन :– दिनांक 20/10/2023 से दिनांक 16/11/ 2023 तक।**

- **अनिवार्य शैक्षणिक योग्यतायें :–**
  1. **CCH प्रशिक्षण प्रवेश परीक्षा** – बी.एससी. (नर्सिंग)/पोस्ट बेसिक बी.एससी. (नर्सिंग)/जी.एन.एम./बी.ए.एम.एस. तथा 1 सितम्बर 2023 की स्थिति में वैध एवं जीवित पंजीयन।
  2. **संविदा CHO पद पर सीधी भर्ती** – कम्युनिटी हैल्थ एकीकृत कोर्स बी.एस.सी. (नर्सिंग)/पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. (नर्सिंग) उत्तीर्ण तथा 1 सितम्बर 2023 की स्थिति में वैध एवं जीवित पंजीयन।

- **आयु सीमा** :– 21 से 40 वर्ष (दिनांक 01/09/2023 की स्थिति में)। अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ शारीरिक रूप से दिव्यांग तथा महिला अभ्यर्थियों को 5 वर्ष की छूट।

*नोटः– प्रत्येक वर्ग में 33 प्रतिशत सीटें/पद महिलाओं के लिये आरक्षित है।*

- उम्मीदवार अपनी अर्हता अनुसार केवल एक प्रकार की प्रवेश परीक्षा के लिये आवेदन कर सकता है।
- सर्टिफिकेट इन कम्युनिटी हेल्थ (CCH) प्रशिक्षण में चयन और संविदा कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर पद पर सीधी भर्ती के लिये एक समान प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी।
- मानदेय एवं कार्य आधारित प्रोत्साहन राशिः– कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (संविदा) पद हेतु मानदेय रू. 28700/– प्रतिमाह एवं कार्य आधारित प्रोत्साहन राशि अधिकतम रू. 15000/– प्रतिमाह

महत्वपूर्ण निर्देशः–

1) केवल ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किये जाएंगे। किसी अन्य स्रोत/माध्यम से प्राप्त आवेदन मान्य नहीं किये जायेंगे।
2) रिक्त स्थानों के विरूद्ध चयन एवं पदस्थापना मध्य प्रदेश की राज्य आरक्षण नीति के अंतर्गत नियमों के अधीन होंगे।
3) अपूर्ण जानकारी या फोटो, हस्ताक्षर/आवश्यक दस्तावेजों के बिना भरे गये आवेदन को अस्वीकृत कर दिया जायेगा।
4) यदि भर्ती के किसी भी चरण में, यह पाया गया है कि उम्मीदवार पात्रता को पूरा नहीं करता है और उसने गलत सूचना/ प्रमाण पत्र/ दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं या किसी भी भौतिक तथ्य को छुपाया गया है, तो उसकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जायेगी।
5) भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में भर्ती से संबंधित किसी भी मामले में एनएचएम, मध्य प्रदेश का निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा।
6) चयन पूरी तरह से ऑनलाइन लिखित परीक्षा पर आधारित होगा।
7) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के पास रिक्त पदों की संख्या में बदलाव, नियमों में संशोधन और चयन के किसी भी प्रक्रिया में परिवर्तन/संशोधन का अधिकार है। ऐसा कोई भी संशोधन मान्य और बाध्यकारी होगा।
8) उम्र गणना के लिए 01/09/2023 को संदर्भ तिथि के रूप में लिया जाएगा।

मिशन संचालक, एन.एच.एम, मध्य प्रदेश

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्य प्रदेश
लिंक रोड न.–03, पत्रकार कॉलोनी के सामने, भोपाल, म.प्र, (402016)
वेबसाइट : www.nhmmp.gov.in